रजिस्ट्री सं. डी. एल.—33004/95

REGD. NO. D.L.—33004/95

CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY
GOVERNMENT OF INDIA

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 233] नई दिल्ली, बुधवार, दिसम्बर, 27, 1995/पौष 6, 1917
No. 233] NEW DELHI, WEDNESDAY, DECEMBER 27, 1995/PAUSA 6, 1917

नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
(उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण प्रणाली विभाग)

नई दिल्ली, 12 दिसंबर, 1995

संख्या ओ-17012/6/94-सी एफ स.—भारत सरकार ने 17 जून, 1905 को अपनी अधिसूचना संख्या ओ-17011/5/82-जी ओ पी तथा 12-11-1990 की अधिसूचना संख्या ओ-17011/2/89-सी एफ एस द्वारा केन्द्रीय सरकार प्रत्याभूति योजना को आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि में 1-4-95 से 31-3-90 तथा 1-4-90 से 31-3-95 तक की अवधि के लिए पंचम चरण के रूप में जारी रखना अधिसूचित किया था, ताकि उसमें विनिर्दिष्ट उपभोक्ता सहकारी समितियों और अन्य सहकारी संस्थाएं घटे मार्जिन पर बैंकिंग अभिकरणों से कार्यकर पूंजी के लिए ऋण प्राप्त कर सकें।

2. उपभोक्ता सहकारी समितियों की बैंकिंग संस्थानों से 10% से घटे हुए मार्जिन पर कार्यकर पूंजी की मांग की बढ़ती हुई आवश्यकताओं पर विचार करते हुए, भारत सरकार ने केन्द्रीय सरकार प्रत्याभूति योजना को आठवीं पंचवर्षीय योजना अर्थात् 1-4-1990 से 31-3-1995 तक 5 वर्ष की और अवधि के लिए चलाने का निर्णय किया है।

3. सब सहाकरी संस्थाएं जो कार्यसाधक के लिए वित्तीय संस्थाओं से इस योजना के अंतर्गत ऋण लेना चाहें, उनको 1% की प्रतिवर्ष की दर से गारंटी फीस देय होगी।

4. उपर्युक्त विनिश्चय के अनुसरण में, भारत सरकार, उपबंध-1 में दिए गए प्रत्याभूति विलेख प्ररूप में, किसी भी शीर्षक/जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक, बैंककारी कंपनी (उपक्रम का अर्जत तथा अंतरण) अधिनियम, 1970 के अधीन गठित और कार्य कर रहे किसी भी बैंक/भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1995 के अधीन गठित भारतीय स्टेट बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक अधिनियम, 1959) में यथा परिभाषित किसी समनुषंगी बैंक के साथ उनके द्वारा निम्नलिखित को दिए गए प्रतिभूति अग्रिम धनों की बाबत करार करने पर विचार करेगी, अर्थात् :—

(1) राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता परिसंघ

(2) उपभोक्ता सहकारी सोसाइटियों के सभी राज्य परिसंघ ।

(3) सभी थोक केन्द्रीय उपभोक्ता सहकारी सोसाइटियां।

(4) किसी भी नाम से रजिस्ट्रीकृत उपभोक्ता वस्तुओं के कारबार में लगे हुए सभी राज्य स्तरीय सहकारी परिसंघ, परन्तु इस प्रत्याभूति के अधीन संरक्षण केवल उपभोक्ता वस्तुओं के वितरण के लिए उनकी कामकाज पूंजी संबंधी अपेक्षाओं तक ही निबंधित रहेगा।

(5) किसी भी नाम से रजिस्ट्रीकृत उपभोक्ता वस्तुओं के वितरण से खुदरा कारबार में लगी हुई ऐसी सभी सहकारी संस्थाएं, जिनका विक्रय आवर्त कम से कम 20 लाख रुपए प्रति वर्ष है तथा सहकारिता की दृष्टि से अल्पविकसित राज्यों असम, बिहार, मेघालय, उड़ीसा, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, मणिपुर, त्रिपुरा और नागालैण्ड में वे संस्थाएं जिनका न्यूनतम वार्षिक विक्रय आवर्त 10 लाख रुपए है।

(6) यह स्कीम नई सहकरी समितियों हेतु पहले पांच वर्षों के लिए और मौजूदा समितयों के लिए विविधीकरण कार्यक्रम/नई गतिविधियों हेतु लागू होंगी।

5. केन्द्रीय सरकार की प्रत्याभूति, ऊपर पैरा 4(1) में 4(1)5)में उल्लिखित सभी सहकारी संस्थाओं को ऐसे माल को गिरवी या आडमान के बदले में, जिसके अंतर्गत वही ऋण, प्रत्याभूतियां, विनिधान तथा अन्य जंगम संपत्ति भी है, प्रतिभू के लिखित पूर्व अनुमोदन से 1-4-1995 से पूर्व वाली विनिर्दिष्ट अवधियों के लिए दिए गए प्रतिभूत की बाबत ही उपलब्ध होगी। बैंकों को ऐसे उधारों तथा अग्रिम धनों पर केवल 10% का मार्जिन रखना है। किसी सोसाइटी को दिए गए किसी ऐसे उधार या अग्रिम धन की बाबत केन्द्रीय सरकार की प्रत्याभूति के अधीन देयता, निम्नलिखित में से जो भी कम हैं वहां तक सीमित होगी, अर्थात् :—

(1) उस तारीख को, जिसको करार के निबंधनों के अनुसार मांगी की सूचना बैंक द्वारा जारी की गई है सहकारी सोसाइटियों के नाम बैंक की बहियों में वस्तुतः बकाया सब प्रत्याभूति उधारों तथा अग्रिम धनों की रकम का 25 या

(2) राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता परिसंघ की दशा में 150 लाख रुपए (एक करोड़ 50 लाख रुपए) सभी राज्यस्तरीय परिसंघों को, जिसके अंतर्गत पैरा 4(5) में उल्लिखित सहकारी संस्थाएं भी हैं, दशा में 100 लाख रुपए (एक करोड़ रुपए) तथा अन्य सभी सहकारी संस्थाओं की, जिनके अंतर्गत परा 4(5) में उल्लिखित संस्थाएं भी हैं, चाहे उनके कारबार का स्थान महानगरों में है या कहीं और है, दशा में 60 लाख रुपए (साठ लाख रुपए) इनमें से जो भी कम हो।

6. इस अधिसूचना के अनुसरण में प्रत्याभूति सरकार के लिखित पूर्व अनुमोदन से 1-4-1995 से पूर्व वाली विनिर्दिष्ट अवधियों के लिए दिए गए प्रतिभूति उधारों तथा अग्रिम धनों की बाबत उपलब्ध होगी। 1-4-1995 को या उसके पश्चात् प्रथम बार दिया गया कोई भी उधार या अग्रिम धन और 31 मार्च, 1995 को विद्यमान किसी उधार का अग्रिम धन की बाबत बकाया रकम में कोई भी वृद्धि प्रत्याभूति के अंतर्गत नहीं आएगी। इस प्रत्याभूति के कारण उत्पन्न हुए केन्द्रीय सरकार का दायित्व 31 मार्च, 1995 को कारबार के बंद होने के समय समाप्त हो जाएगी।

7. सोसायटी, भारत के राष्ट्रपति के साथ इससे उपाबद्ध प्रत्याभूति-विलेख की प्रथम अनुसूची में उपबंधित प्रारूप में एक करार करके निम्नलिखित के लिए वचनबद्ध होगी, अर्थात् :—

(क) उधार, अग्रिम धन या नकद उधार मंजूर करते समय बैंक द्वारा अधिकथित शर्तों के अनुसार बैंक के देयों को नियमित रूप से और शीघ्रता से संदत्त करने के लिए,

(ख) लाभ कमाने की दृष्टि से सोसायटी का कारबार तत्परतापूर्वक करने के लिए;

(ग) केन्द्रीय सरकार को उन सब धराशियों का प्रतिसंदाय मांग पर बिना किसी आपत्ति के करने के प्रत्याभूति देने के लिए, जो बैंक द्वारा सोसायटी की ओर से बैंक को संदाय करने में चूक के कारण केन्द्रीय सरकार से वसूल की जाए;

(घ) स्टाकों के नियमित सत्यापन की पद्धति को कार्यान्वित करने, तदोपरांत, स्टाक में हुई कमियों का तत्काल निर्धारण करने, उनके लिए जिम्मेदारी निर्धारण करने और जिम्मेदार व्यक्तियों से उनके मूल्य की वसूली करने के लिए;

(ङ) सोसाइटियों, संस्थाओं तथा व्यक्तियों को उधार देने की सुविधाएं देने में कई सावधानी बरतने और साथ ही उसकी व्यवस्थित तथा तत्काल वसूली के लिए उपाय करने के लिए;

(च) प्रत्येक तिमाही की अंतिम तारीख को तिमाही व्यापार और लाभ तथा हानि और तुलन-पत्र का और साथ ही सोसाइटी के कार्यकरण की तिमाही प्रबंध-रिपोर्ट का तैयार कियाजाना सुनिश्चित करने और प्रत्येक तिमाही में उसकी एक प्रति केन्द्रीय सरकार को भेजने के लिए;

(छ) सोसाइटी की संपत्तियों और आस्तियों, को उन बिल्लगमों तथा कुर्कियों से भिन्न बिल्लगमों और

कुर्कियों से मुक्त रखने के लिए, जो बैंक के पक्ष में हों तथा जिनके बारे में सरकार ने बैंक को प्रत्याभूति दी है अथवा जो राज्य सरकारों के पक्ष में हैं, और

(ज) केन्द्रीय सरकार या इस निमित्त उसके द्वारा नाम विनिर्दिष्ट किए गए किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को सोसाइटी के लेखाओं तथा उसके कार्यकरण की परीक्षा करने के लिए सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए।

यह करार धन राशि निकालने की तारीख से पूर्व निष्पादित किया जाएगा। बैंक कोई संदाय तब तक नहीं करेगा जब तक कि हस्ताक्षरित करार तथा प्रत्याभूति विलेख की द्वितीय अनुसूची में उपवर्णित प्रारूप में सम्मति-पत्र नहीं दे दिए जाते हैं।

8. केन्द्रीय सरकार की प्रत्याभूति बैंक द्वारा दिए गए उधारों तथा अग्रिमधनों पर ब्याज के लिए लाभ नहीं होती है।

9. प्रत्येक बैंक ऐसे सभी वचन-पत्रों या वसूल न की गई प्रतिभूतियों को, जो बैंकों को उनके द्वारा सोसाइटी को दिए गए ऐसे उधारों के बारे में उपलभ्य हों, केन्द्रीय सरकार की प्रत्याभूति के अधीन बैंक द्वारा दिए गए उधारों तथा अग्रिम धनों की बाबत बैंकों को देय संपूर्ण बकाया की उनके द्वारा वसूली के बाद भी तब तक प्रतिधारित रखेगा जब कि प्रत्याभूति-दाता के रूप में केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रतिपूरित रकम की वसूली न हो जाए।

10. बैंक प्रत्याभूति-विलेख की द्वितीय अनुसूची में दिया गया इस आशय का एक सम्मति-पत्र सोसाइटी से अभिप्राप्त करेगा और केन्द्रीय सरकार को देगा कि सोसाइटी निम्नलिखित रूप में करार करती है कि :—

(क) वह प्रत्याभूति के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार द्वारा बैंक की संदत्त की गई किसी रकम पर ब्याज उसी दर से जिस दर से सोसाइटी को दिए गए उधार या अग्रिम धन पर ब्याज बैंक द्वारा प्रभारित किया गया है या किया जाए, तब तक देती रहेगी जब तक उक्त रकम केन्द्रीय सरकार को संदत्त नहीं कर दी जाती;

(ख) वह उस तारीख के पश्चात् जिसको प्रत्याभूति के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार ने किसी रकम की प्रतिपूर्ति बैंक को की है, किन्तु प्रत्याभूति के अंतर्गत आने वाले उधारों तथा अग्रिम धनों की बाबत बैंक के दावे की पूरी तरह तुष्टि हो जाने के पश्चात् और उस समय तक जब तक कि उन रकमों को जो उधार मुद्दे सोसायटी द्वारा या उससे वसूल की गई हैं और उन पर ब्याज तथा प्रभारों सहित सोसाइटी द्वारा प्रतिपूर्ति नहीं कर दी जाती, उधार या अग्रिम धन लेखे सोसायटी द्वारा दी गई या उससे वसूल की गई सब रकमों को प्रतिभू (केन्द्रीय सरकार) के खाते में जमा होने देगी या जमा करने के लिए बैंक को अनुज्ञा देगी;

(ग) सब ऐसे उधारों तथा अग्रिम धनों की बाबत बैंक के पक्ष में की प्रतिभूतियों पर सभी अधिकार बैंक के पास होंगे और वह उनका प्रयोग तब तक करता रहेगा जब तक कि केन्द्रीय सरकार के ऐसे सब दावों की तुष्टि नहीं हो जाती; और

(घ) बैंक ऐसी प्रतिभूतियों के अधीन अपने अधिकारों और दावों का अंतरण केन्द्रीय सरकार को उस दशा में करेगा जब पश्चात् कथित द्वारा ऐसी अपेक्षा की जाए।

11. बैंक का यह समाधान हो जाने की दशा में कि सोसाइटी प्रत्याभूति के अधीन दिए गए अग्रिम धन के प्रति बैंक को नियमित विप्रेषण करने में असफल रही है या किसी प्रत्याभूति को चालू रखने के लिए उसकी समाप्ति के पूर्व लिखित रूप में प्रतिभू का पूर्व अनुमोदन अभिप्राप्त करने में असफल रहती है तो बैंक घटाए गए मार्जिन पर सोसाइटी द्वारा और धन प्राप्ति करने की अनुज्ञा नहीं देगा तथा सोसायटी द्वारा सभी आगे के विप्रेषणों को प्रत्याभूत ऋण के खाते में तब तक जमा करता रहेगा जब तक कि वे पूर्ण रूप से प्रतिसंदत्त नहीं हो जाता।

12. बैंक द्वारा किसी विशिष्टि सोसायटी की बाबत केन्द्रीय सरकार की प्रत्याभूति का आश्रय एक से अधिक बार नहीं लिया जाएगा। प्रत्याभूति का आश्रय 1 अप्रैल, 1995 से पूर्व किसी भी समय लिया जा सकेगा। बैंक पहले सोसायटी के नाम इस प्रभाव की मांग सूचना जारी करेगा कि वह उस रकम को, जो बैंक द्वारा दिए गए और प्रतिभू द्वारा प्रत्याभूत किए गए उधारों और अग्रिम धनों के लेखे बैंक को दे होंगे, उस तारीख से 30 दिन के भीतर संदत्त करे जिसको ऐसे प्रतिसंदाय मांगने की सूचना बैंक द्वारा तामील की गई है। ऐसी मांग की सूचना की एक प्रतिलिपि प्रतिभू को भी साथ-साथ पृष्ठांकित की जानी चाहिए। यदि सोसायटी उक्त 30 दिन की अवधि की समाप्ति तक रकमों का संदाय नहीं करती है तो बैंक केन्द्रीय सरकार के नाम मांग की सूचना जारी करेगा। केन्द्रीय सरकार बैंक को प्रत्याभूति के अधीन संदेय रकम की प्रतिपूर्ति उस तारीख के 90 दिन के भीतर करेगी जिसकी उसे प्रत्याभूति का आश्रय लेते और संदाय का दावा करने की बैंक की सूचना प्राप्त हो।

13. इस अधिसूचना के अनुसरण में प्रतिभूति चाहने वाला बैंक, किसी उधार या अग्रिम-धन की बाबत सरकार की प्रत्याभूति का आश्रय लिए जाने की दशा में केन्द्रीय सरकार के नाम इन रकमों को जमा करने के लिए वचनबद्ध होगा, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रत्याभूत उधारों तथा अग्रिम धनों की पूरी वसूली बैंक द्वारा सोसायटी से किए जाने के

पश्चात् सोसायटी से वसूल की जाए। बैंक के लिए यह बाध्यकर होगा कि वह प्रत्याभूति के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा रकम की प्रतिपूर्ति कर दिए जाने के पश्चात् उपरोक्त रीति से कार्यवाही करे।

14. उपरोक्त खंडों में निर्दिष्ट बैंक की बाध्यता, उस समय तक जारी रहेगी जब तक कि वह रकम जिसकी प्रत्याभूति के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रतिपूर्ति कर दी गई है केन्द्रीय सरकार को संदत्त नहीं कर दी जाती है या केन्द्रीय सरकार के नाम जमा नहीं कर दी जाती है या जब तक केन्द्रीय सरकार उक्त रकम का समायोजन आगे द्वारा बैंक या सोसायटी को संदेय किसी अन्य रकम से करने या उस रकम की वसूली का आधित्यजन करने के लिए सहमत नहीं हो जाती।

15. संबंद्ध राज्य की सहकारी समितियों का रजिस्ट्रार वैध और प्रशासनिक रूप से सोसायटी के कार्यकरण का नियमित पर्यवेक्षण करने तथा सोसायटी कार्यों और गतिविधियों में किन्हीं प्रतिकूल लक्षणों के पाए जाने की दशा में या यदि सोसायटी द्वारा अनियमित विप्रेषणों या सोसायटी के कार्यकरण में किन्ही अन्य अवांछनीय वित्तीय बातों के संबंध में बैंक द्वारा कोई रिपोर्ट की जाने की दशा में समुचित उपचारात्मक उपाय करने के लिए भी सक्षम प्राधिकारी होगा। यह स्पष्टतः समझ लिया जाए कि यह प्रत्याभूति केवल तभी दी जाएगी जब संबंद्ध राज्य के सहकारी सोसायटियों के रजिस्ट्रार द्वारा संबंधित प्रस्ताव की सिफारिश की जाएगी। सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार द्वारा की गई सिफारिश को ऐसे रजिस्ट्रार द्वारा दिया गया यह आश्वासन समझा जाएगा कि सोसायटी के कार्यों और गतिविधियों के संबंध में बैंक और/या भारत सरकार से कोई प्रतिकूल रिपोर्ट के प्राप्त होने पर, समुचित उपचारात्मक उपाय किए जाएंगे।

16. भारत सरकार के ऐसे मंत्रालय में, जो उपभोक्ता सहकारी समितियों, नई दिल्ली से संव्यवहार करता है, निदेशक/उपसचिव की पंक्ति या उससे उच्चतर पंक्ति का कोई अधिकारी हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा सम्यक रूप में नामनिर्दिष्ट किया जाए, इस अधिसूचना के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार की प्रत्याभूति के संबंध में बैंकों के साथ प्रत्याभूति का विहित करार करने के लिए प्राधिकारी होगा। अधिसूचना में विनिर्दिष्ट सभी बैंकों को सलाह दी जाती है कि यदि वे केन्द्रीय सरकार द्वारा दी गई सुविधा का लाभ उठाना चाहते हैं तो वे ऊपर उपदर्शित मंत्रालय में प्रत्याभूति तथा प्रवर्तन के भारसाधक अधिकारी से संपर्क स्थापित करें।

एन. आशा भास्कर,
संयुक्त सचिव

प्रत्याभूति विलेख

एक पक्षकार के रूप में भारत के राष्ट्रपति (जिन्हें इसमें इसके पश्चात प्रतिभू कहा गया है) और दूसरे पक्षकार के रूप में ----------जो बैंककारी कम्पनी (उपक्रम का अर्जन तथा अंतरण) अधिनियम, 1970 के अधीन गठित तथा संचालित बैंक है। भारतीय स्टेट बैंक, जो भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 के अधीन गठित किया गया है निगम है। ----------(बैंक का नाम) जो भारतीय स्टेट बैंक (सहायक बैंक) अधिनियम, 1959 के अधीन गठित किया गया निगम है। ----------के अधीन रजिस्ट्रीकृत सहकारी सोसायटी है, और जिसका---------- ----------कार्यालय---------- में है (जिसे इसमें इसके पश्चात "बैंक" कहा गया है) के बीच 19 को/की---------- ----------दिन किया गया यह प्रत्याभूति-विलेख निम्नलिखित का साक्षी है:—

बैंक द्वारा----------को (जिसे इसमें इसके पश्चात "सोसायटी" कहा गया है) पश्चात कथित के निवेदन पर, उन मार्जिनों को शिथिल करके जो इस प्रत्याभूति की अनुपस्थिति में बैंक सामान्य रूप से अनुसरण करता है प्रतिभू बैंक को इसमें इसके पश्चात उपवर्णित परिमाण तक उधारों और अग्रिम धनों को सोसायटी द्वारा बैंक को प्रतिसंदाय, ऐसे निबंधनों और शर्तों पर प्रत्याभूति करता है, जो इसमें इसके पश्चात उल्लिखित है :—

1. प्रतिभू की प्रत्याभूति, बैंक द्वारा प्रतिभू के लिखित पूर्व अनुमोदन से सोसायटी की विनिर्दिष्ट अवधियों के लिए 1 अप्रैल, 1995 से पूर्व दिए गए किसी ऐसे प्रतिभूत उधार या अग्रिम धन की बाबत ही उपलब्ध होगी जो माल की गिरवी या आडमान के बदले में, जिसके अंतर्गत बही-ऋण, प्रतिभूतियां, विनिधान तथा अन्य जंगम सम्पत्ति भी है, दिया गया हो। बैंक ऐसे उधारों और अग्रिम-धनों के लिए केवल 10 प्रतिशत का मार्जिन रखने के लिए सहमत है।

2. उक्त सोसाइटी को उपरोक्त रूप में दिए गए उधार या अग्रिम-धन की बाबत प्रतिभू का दायित्व, किसी भी समय, निम्नलिखित में से जो भी रकम सबसे कम हो उससे अधिक नहीं होगा :—

(1) उस तारीख को जिसको प्रतिभू के नाम मांग की सूचना इसके खंड (3) के उपबंधों के अनुसार बैंक द्वारा जारी की जाती है, सोसायटी के नाम बैंक की बहियों में वस्तुतः बकाया प्रत्याभूत किए गए उधारों तथा अग्रिम धनों की रकम का पच्चीस प्रतिशत ; या

(2) ----------लाख रुपए।

3. बैंक 1 अप्रैल, 1995 से पूर्व किसी भी समय प्रतिभू की प्रत्याभूति का आसरा इसमें इसके पश्चात् विनिर्दिष्ट रीति से ले सकेगा, अर्थात:—

(1) बैंक पहले सोसाइटी के नाम इस मांग की सूचना जारी करेगा कि वह उन रकमों को, जो उसे

बैंक द्वारा दिए गए और प्रतिभू प्रत्याभूत किए गए उधारों और अग्रिम धनों मेंसे अपने को देय हों, उस तारीख से तीस दिन के भीतर संदत्त करे जिसको ऐसा प्रतिसंदाय मांगने की सूचना बैंक द्वारा तामील की गई है। इस मांग नोटिस की एक प्रतिलिपि प्रतिभू को भी साथ-साथ पृष्ठांकित की जानी चाहिए।

(2) यदि सोसाइटी, अनुपूर्वोक्त 30 दिन की अवधि की समाप्ति पर, बैंक द्वारा उसे दिए गए और प्रतिभू द्वारा प्रत्याभूत किए गए उधारों तथा अग्रिम धनों का संदाय नहीं करती है, तो बैंक प्रतिभू के नाम मांग की सूचना जारी करेगा।

(3) बैंक प्रतिभू की प्रत्याभूति का आसरा लेते समय, प्रतिभू को निम्नलिखित विवरण देगा:—

(1) उन मालों का ब्यौरा, जिन पर ऐसा उधार या अग्रिम धन दिया गया है जिसकी बाबत प्रत्याभूति का आसरा लिया गया है;

(2) उक्त मालों का बाजार मूल्य, और

(3) निम्नलिखित तारीखों को सोसाइटी के नाम बकाया रकमें:—

(क) वह तारीख जिसकी प्रतिसंदाय मांगने की सूचना बैंक द्वारा सोसाइटी के नाम जारी की गई थी; तथा

(ख) प्रतिसंदाय मांगने की सूचना की तारीख से तीस दिन की समाप्ति की तारीख, और

(4) प्रतिभू बैंक को देय रकम की इस प्रत्याभूति में उपबंधित परिमाण तक प्रतिपूर्ति उस तारीख से 90 दिन के भीतर करेगा जिसकी प्रत्याभूति का आसरा लेने और संदाय का दावा करने की बैंक की सूचना प्रतिभू ने प्राप्त की हो।

4. इसमें अंतर्विष्ट प्रत्याभूति इस बात के होते हुए भी प्रतिभू के विरुद्ध प्रवृत्त की जा सकेगी कि कोई प्रतिभूतियां जो बैंक ने सोसाइटी से अभिप्राप्त की हों, बकाया हों, या वसूल न की गई हों।

5. प्रत्याभूति विलेख की प्रथम अनुसूची में उपाबद्ध प्ररूप में सोसाइटी भारत के राष्ट्रपति के साथ एक करार करेगी और इसके लिए वचनबद्ध करती है कि वह:—

(क) बैंक द्वारा उधार अग्रिम धन या नकद उधार मंजूर करते समय अधिकथित शर्तों के अनुसार बैंक के देयों को नियमित रूप से और शीघ्रता से संदत्त करेगी,

(ख) लाभ कमाने की दृष्टि से सोसाइटी का कारबार तत्परतापूर्वक करेगी,

(ग) केन्द्रीय सरकार को उन सब धनराशियों, का प्रतिसंदाय, मांग पर बिना पूर्वापत्ति के करने की भी प्रत्याभूति देगी जो बैंक द्वारा सोसाइटी की ओर से बैंक को संदाय करने में व्यतिक्रम के फलस्वरूप केन्द्रीय सरकार से वसूल की जाए।

(घ) स्टाकों के नियमित सत्यापन की पद्धति को कार्यान्वित करेगी, उपदर्शित कमियों का तत्काल निर्धारण करेगी, उनके लिए जिम्मेदारी नियत करेगी और जिम्मेदार व्यक्तियों से उनके मूल्य की वसूली करेगी,

(ङ) सोसाइटियों, संस्थाओं और व्यक्तियों को उधार देने की सुविधाओं का विस्तार करने में बड़ी सावधानी बरतेगी और साथ-साथ उनकी व्यवस्थित तथा तत्काल वसूली के लिए उपाय करेगी;

(च) प्रत्येक तिमाही की अंतिम तारीख को तिमाही व्यापार और लाभ तथा हानि और तुलन-पत्र का तैयार किया जाना और साथ ही सोसाइटी के कार्यकरण की तिमाही प्रबंध रिपोर्ट तैयार किया जाना सुनिश्चित करेगी और प्रत्येक तिमाही में उसकी एक प्रति प्रतिभू को भेजेगी,

(छ) सोसाइटी की सम्पत्तियों और आस्तियों को उन विल्लंगमों तथा कुर्कियों से मुक्त रखेगी—जो उनके अलावा हैं, जो बैंक के पक्ष में हैं तथा जिसके बारे में सरकार ने बैंक को प्रत्याभूति दी है अथवा जो राज्य सरकारों के पक्ष में हैं, और

(ज) प्रतिभू या इस निमित्त उसके द्वारा नाम निर्देशित किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को अपने लेखाओं तथा अपने कार्यकरण की परीक्षा करने के लिए सभी सुविधाएं प्रदान करेगी।

बैंक सोसाइटी को तब तक कोई संदाय नहीं करेगा जब तक कि प्रत्याभूति विलेख को प्रथम अनुसूची के प्ररूप में करार तथा द्वितीय अनुसूची में वे सम्मति-पत्र पक्षकारों द्वारा सम्यक रूप से निष्पादित करके उसे नहीं दे दिए जाते।

6. बैंक उस प्रत्याभूति के प्रति फलस्वरूप जो उसकी प्रतिभू से उपलब्ध है, निम्नलिखित बातों के लिए सहमत होगा:—

(क) प्रतिभू को ऐसी कोई रकम संदत्त करना या उसके खाते में जमा करना जो प्रतिभू द्वारा प्रत्याभूत रकम की प्रतिपूर्ति कर दिए जाने की तारीख के पश्चात, प्रतिभू द्वारा प्रत्याभूत उधारों तथा अग्रिम-धनों को पूरी वसूली उसके द्वारा कर लिए जाने के पश्चात सोसाइटी से वसूल की जाएगी;

(ख) ऐसे सब वचन-पत्रों या बंधपत्र न की गई प्रतिभूतियों को, जो बैंक द्वारा सोसाइटी को दिए गए उधारों के बारे में उसे उपलब्ध हों, बैंक को देय सम्पूर्ण बकाया की उसके द्वारा वसूली के पश्चात भी तब तक प्रतिधारित रखना जब तक प्रतिभू द्वारा प्रतिपूरित रकम की वसूली न हो जाए,

(ग) इसकी द्वितीय अनुसूची में उपबंधित प्ररूप में एक सम्मति-पत्र सोसायटी से अभिप्राप्त करना और प्रतिभू को देना;

(घ) यदि प्रतिभू द्वारा अपेक्षा की जाए, तो उसके को देय बकाया की पूरी वसूली बैंक द्वारा कर लिए जाने के पश्चात सब ऐसे वचन-पत्रों या प्रतिभूतियों को प्रतिभू तथा/या उसके नाम-निर्देशिती को अन्तरित करना किन्तु यह तब जब कि प्रतिभू को उसके द्वारा दी गई रकम की प्रतिपूर्ति न की गई हो, और

(ङ) इसके उपाबद्ध प्रत्याभूति-विलेख की प्रथम अनुसूची में उपबंधित प्ररूप में एक करार सोसाइटी से अभिप्राप्त करना और प्रतिभू को देना, जैसा कि उसके खण्ड 5 में उपबंध किया गया है ।

7. प्रतिभू की प्रत्याभूति सोसाइटी को मंजूर किए गए उधारों तथा अग्रिम-धनों पर ब्याज के बारे में लागू नहीं होगी ।

8. खंड (6) के उपबंधों के अनुसरण में बैंक की बाध्यताएं उस समय तक जारी रहेंगी जब तक वह रकम जिसकी प्रतिभू द्वारा प्रतिपूर्ति की गई है प्रतिभू को चुका न दी जाती या उसके नाम जमा नहीं कर दी जाती या जब तक प्रतिभू अपने द्वारा बैंक या सोसाइटी को संदत्त की जाने वाली अन्य शोध्य रकम के साथ उक्त रकम का समायोजन न करने या उस रकम की वसूली का अधित्यजन करने के लिए सहमत नहीं हो जाता ।

9. इस सोसाइटी की बाबत प्रतिभू की प्रत्याभूति का आसरा बैंक द्वारा एक से अधिक बार नहीं लिया जाएगा और यदि प्रतिभू की प्रत्याभूति का आसरा लिया गया है या उसका आसरा लेने के पश्चात कोई उधार या अग्रिम धन उस सोसाइटी को दिया जाता है जिसकी ओर से कोई रकम बैंक को प्रतिभू द्वारा की गई है, तो कोई भी ऐसा उधार या अग्रिम धन बैंक की अपनी जोखिम पर होगी । और ऐसे अतिरिक्त उधार या अग्रिम धन के लिए प्रतिभू का कोई दायित्व नहीं होगा ।

10. 1 अप्रैल, 1995 को या उसके पश्चात प्रथम बार दिया गया कोई भी उधार या अग्रिम-धन और 31 मार्च, 1995 को विद्यमान किसी भी उधार या अग्रिम धन की बाबत बकाया रकम में कोई भी वृद्धि प्रतिभू द्वारा प्रत्याभूत नहीं की जाएगी । प्रतिभू के दायित्व 31 मार्च, 1995 को कारोबार बंद होने के समय समाप्त हो जाएगा ।

11. प्रतिभू, ऐसे उधारों तथा अग्रिम धनों की बाबत, जिनके संबंध में यह प्रत्याभूति बैंक को उपलब्ध है, ऐसी जानकारी और विवरणियां बैंक से अभिप्राप्त करने के लिए हकदार होगा और बैंक ऐसी जानकारी और विवरणियां ऐसे अन्तरालों पर तथा ऐसी रीति में देगा जैसी प्रतिभू द्वारा विनिर्दिष्ट या अपेक्षित की जाए ।

12. यदि इस करार से उद्भूत या उसके संबंध में या उसके अर्थ या निर्वचन के बारे में अथवा इस करार की बाबत अन्यथा किसी भी प्रकार का कोई मतभेद या विवाद इसके पक्षकारों के बीच हो तो वह तत्समय भारत सरकार के अपर विधि सलाहकार (माध्यस्थम) का पद धारण करने वाले व्यक्ति के एकमात्र माध्यस्थम के लिए निर्देशित किया जाएगा और उक्त अधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा तथा दोनों पक्षकारों पर आबद्धकर होगा । यह कोई आपत्ति नहीं होगी कि मध्यस्थ सरकारी सेवक है, उसे उन मामलों में जिनसे यह प्रत्याभूति संबंधित है, कार्रवाई करनी पड़ी थी या सरकारी सेवक के रूप में अपने कर्तव्यों के अनुक्रम में वह उन सब बातों पर या उनमें से किसी पर, जिनके बारे में विवाद या मतभेद है अपने विचार प्रकट कर चुका है । माध्यस्थम अधिनियम, 1940 के उपबंध या उसके कोई कानूनी उपान्तरण या पुनः अधिनियमित ऐसे माध्यस्थम को लागू होंगे । माध्यस्थम कार्यवाहियां उस स्थान पर की जाएंगी जिसे माध्यस्थम विनिर्दिष्ट करे । मध्यस्थ को यह हक होगा कि वह पंचाट करने का समय पक्षकारों की सम्मति से समय-समय पर बढ़ा सके ।

13. इस प्रत्याभूति विलेख पर देय स्टाम्प शुल्क, यदि कोई हो, भारत के राष्ट्रपति द्वारा दिया जाएगा ।

14. इसके साक्षस्वरूप प्रतिभू और बैंक ने यह विलेख ऊपर उल्लिखित दिन और वर्ष को सम्यक रूप से निष्पादित कराया है ।

निष्पादक प्रत्याभूति तथा प्रत्याभूत भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से परिसर में कार्यकारी भारत सरकार के ऐसे मंत्रालय में जो उपभोक्ता सहकारी समितियों से संव्यवहार करता है ।

निम्नलिखित की उपस्थिति में साक्षी

(1)

(2)

प्रपत्र अनुसूची

करार

एक पक्षकार के रूप में भारत के राष्ट्रपति (जिन्हें इसमें इसके पश्चात "केन्द्रीय सरकार" कहा गया है, जिस पद के अंतर्गत, जब तक संदर्भ में अपवर्जित या उसके विरुद्ध न हो, उनके पद—उत्तरवर्ती और समनुदेशिती भी समझे जाएंगे और दूसरे पक्षकार के रूप में ——————————के अधीन रजिस्ट्रीकृत ——————————सहकारी सोसाइटी है और जिसका रजिस्ट्रीकृत/केन्द्रीय/मुख्य कार्यालय——————————में है (जिसे इसमें इसके पश्चात "सोसाइटी" कहा गया है जिस पद के अंतर्गत, तब तक संदर्भ में अपवर्जित या उसके विरुद्ध न हो, उसके निष्पादक, प्रशासक, प्रतिनिधि और अनुज्ञात समनुदेशिती और उत्तराधिकारी भी समझे जाएंगे) के बीच आज 19—— ——के/की——————————के ——————————दिन किया गया यह करार निम्नलिखित का साक्षी है:—

——————————बैंक के द्वारा, सोसाइटी को उधार अग्रिम धन, नकद उधार सीमाएं और अन्य बैंककारी सुविधाएं और सौकर्य देने के प्रतिफल स्वरूप, अन्य बातों के साथ-साथ, बैंक द्वारा सोसाइटी को दिए गए उधार और अग्रिम धन के एक भाग के प्रति संदाय को केन्द्रीय सरकार के द्वारा प्रत्याभूति देने पर, सोसाइटी केन्द्रीय सरकार से एतद्द्वारा वचनबद्ध करती है कि वह:—

(1) बैंक द्वारा उधार, अग्रिम धन या नकद उधार मंजूर करते समय अधिकथित शर्तों के अनुसार बैंक के शोध्यों को नियमित रूप से और शीघ्रता से संदत्त करेगी;

(2) लाभ कमाने की दृष्टि से सोसाइटी का कारबार तत्परतापूर्वक करेगी ;

(3) स्टाकों के नियमित सत्यापन की पद्धति को कार्यान्वित करेगी, तदोपरान्त कमियों का तत्काल निर्धारण करेगी, उसके लिए जिम्मेदारी नियत करेगी और जिम्मेदार व्यक्तियों से उनके मूल्य की वसूली करेगी ।

(4) सोसाइटियों, संस्थाओं तथा व्यक्तियों को उधार देने की सुविधाओं का विस्तार करने में बड़ी सावधानी बरतेगी और साथ ही उनकी व्यवस्थित तथा तत्काल वसूली के लिए उपाय करेगी;

(5) प्रत्येक तिमाही की अंतिम तारीख को तिमाही व्यापार और लाभ तथा हानि और तुलन-पत्र तैयार किया जाना और साथ ही सोसाइटी के कार्यकरण की तिमाही प्रबंध रिपोर्ट का तैयार किया जाना सुनिश्चित करेगी और प्रत्येक तिमाही में उसकी एक प्रति केन्द्रीय सरकार का और राज्य सरकार को भी भेजेगी ;

(6) सोसाइटी को सम्पत्तियों और आस्तियों को विलंगम तथा कुर्कियों से मुक्त रखेगी—जो उनके अलावा है, जो बैंक के पक्ष में है तथा जिनके बारे में सरकार ने बैंक को प्रत्याभूति दी है अथवा वे जो राज्य सरकार के पक्ष में हैं, और

(7) केन्द्रीय सरकार या इस निमित्त उसके द्वारा नामनिर्देशित किए गए किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को अपने लेखा तथा अपने कार्यकरण की परीक्षा करने के लिए सभी सुविधाएं प्रदान करेगी ।

2. सोसाइटी, केन्द्रीय सरकार को उन सब धनराशियों को प्रतिसंदाय, मांग पर बिना पूर्वआपत्ति के, करने की प्रत्याभूति करती है जो बैंक द्वारा केन्द्रीय सरकार से सोसाइटी की ओर से लिए गए व्यतिक्रम के फलस्वरूप वसूल की जाए ।

3. उपरोक्त खंड 2 के सिवाय, इस करार से उदभूत होने वाले या इससे किसी प्रकार से सम्बद्ध या संबंधित सभी विवाद और मतभेद भारत सरकार के ऊपर विधि सलाहकार (माध्य स्थम) का पद धारण करने वाले व्यक्ति के एक मात्र माध्यस्थम के लिए निर्देशित किए जाएंगे । यह कोई आपत्ति नहीं होगी कि मध्यस्थ सरकारी सेवक है या कि उसने विवाद या मतभेद के सभी या किसी मामले पर अपने विचार प्रकट किए थे । भारतीय माध्यस्थम अधिनियम के उपबंध ऐसे माध्यस्थमों को लागू होंगे । माध्यस्थ का पंचाट अंतिम होगा और दोनों पक्षकारों पर आबद्धकर होगा।

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उसकी ओर से ————————
——————————(नाम और पदाभिमान)
द्वारा हस्ताक्षरित सोसाइटी के प्राधिकृत प्रतिनिधि (प्रतिनिधियों)
द्वारा हस्ताक्षरित (नाम और पदाभिमान)

साक्षी—

(1)

(2)

द्वितीय अनुसूची

सम्मति पत्र

सेवा में,

1. ——————————बैंक

2. भारत के राष्ट्रपति ।

——————————द्वारा (जिसे इसमें इसके पश्चात "बैंक" कहा गया है)——————————को दिए गए उधारों तथा अग्रिम धनों के एक भाग में प्रतिसंदाय को प्रत्याभूत करने के लिए भारत के राष्ट्रपति (जिन्हें इसमें इसके पश्चात "राष्ट्रपति" कहा गया है) के सहमत हो जाने के फलस्वरूप, हम यह करार करते हैं कि कोई भी वचन पत्र और माल की गिरवी या आडमान के रूप में कोई भी प्रतिभूति, जिसके अंतर्गत बही, ऋण, प्रतिभूतियां, विनिधान और अन्य जंगम सम्पत्ति भी है जो ऐसे उधारों और अग्रिम धनों के संबंध में अपने बैंक को दी है और हमारे द्वारा दी जाए, इस बात के होते हुए भी अस्तित्व में रहेगी तथा बैंक द्वारा प्रतिधारित की जा सकेगी कि राष्ट्रपति द्वारा बैंकों को दी गई प्रत्याभूति के अनुसरण में, राष्ट्रपति ने हमारे खाते में की किसी कमी को पूरा कर दिया है, हम यह और करार करते है कि :—

(क) हम राष्ट्रपति की प्रत्याभूति के अनुसरण में राष्ट्रपति द्वारा बैंक को दी गई किसी रकम पर ब्याज, उसी दर से जिस दर से हमको दिए गए उधार या अग्रिम धन पर ब्याज बैंक द्वारा प्रभारित किया गया है या किया जाए, तब तक देते रहेंगे जब तक उक्त रकम राष्ट्रपति को संदत्त या उनके पक्ष में समायोजित नहीं कर दी जाती;

(ख) उस तारीख के पश्चात जिसकी अपनी प्रत्याभूति के अनुसरण में राष्ट्रपति ने किसी रकम की बाबत बैंक की प्रतिपूर्ति की है किन्तु राष्ट्रपति को प्रत्याभूतियों के अंतर्गत आने वाले उधारों तथा अग्रिम धनों की बाबत बैंक के दावे को पूरी-पूरी तुष्टि हो जाने के पश्चात और उस समय तक जब तक उन रकमों की, जिनकी राष्ट्रपति द्वारा प्रतिपूर्ति की गई है, उन पर ब्याज तथा प्रभारों सहित, हमारे द्वारा प्रतिपूर्ति नहीं कर दी गई या हमसे वसूल की गई सब रकमों को जमा करने के लिए बैंक को अनुज्ञा देंगे ;

(ग) ऐसे सब उधारों तथा अग्रिम धनों की बाबत बैंकों के पक्ष में की गई प्रतिभूतियों के बारे में सभी अधिकार बैंक के पास रहेंगे और वह उनका प्रयोग तब तक करता रहेगा जब तक कि राष्ट्रपति के ऐसे सभी दावों की, जो खंड (ख) में निर्दिष्ट किए गए हैं, तुष्टि नहीं हो जाती, और

(घ) ऐसी प्रतिभूतियों के अधीन अपने अधिकारों तथा दावों या बैंक उस दशा में राष्ट्रपति को अंतरण करेगा, जबकि उनके द्वारा या उनकी ओर से ऐसी अपेक्षा की जाए ।

गोसाइटी के प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षरित
(नाम और पदाभिमान)

साक्षी :—

(1)

(2)

अनुबन्ध—II

अधिसूचना संख्या ओ-17011/2/89-सी एफ एस दिनांक 1-11-1990 के द्वारा परिचालित केन्द्रीय सरकार की प्रत्याभूति योजना के तहत राष्ट्रीयकृत/सहकारी बैंकों में घटी दरों पर कार्यकर पूंजी ऋण प्राप्त करने के लिये केन्द्रीय सरकार प्रत्याभूति की मंजूरी हेतु प्रस्ताव भेजने की प्रक्रिया :

जो संस्था केन्द्रीय सरकार की प्रत्याभूति (गारंटी) चाहती है, उसे अपना प्रस्ताव निम्नलिखित सूचना और कागजात के साथ प्रस्तुत करना होगा :—

(1) निर्धारित फार्म (परिशिष्ट-I) में संस्था का ब्यौरा दिया जाये तथा साथ ही यदि उसकी बिक्री और लाभकारिता में किसी वर्ष विशेष में कमी आई है तो उसके कारण दिये जायें।

(2) निदेशक मंडल का संकल्प (परिशिष्ट-II), जिसमें केन्द्रीय सरकार की गारंटी के तहत किसी बैंक विशेष से कार्यकारी ऋण प्राप्त करने के लिये संस्था के निर्णय का उल्लेख हो जो आवेदन-पत्र की तारीख से तीन माह से अधिक पुराना न हो, भेजा जाये और साथ ही उसमें आवश्यक घोषित कागजात पर हस्ताक्षर करने के लिये व्यक्ति/व्यक्तियों को भी प्राधिकृत किया गया हो।

(3) अधिसूचना की प्रथम अनुसूची में दिया गया करार, प्रपत्र, जिस पर प्राधिकृत व्यक्तियों और पूरे पतों सहित दो साक्षियों के विधिवत् हस्ताक्षर हों, भेजा जाये।

(4) अधिसूचना की दूसरी अनुसूची में दिया गया सम्मतिपत्र, जिस पर प्राधिकृत व्यक्तियों और पूरे पतों सहित दो साक्षियों के विधिवत् हस्ताक्षर हों, भेजा जाये।

(5) पिछले चार सहकारी वर्षों के लिये लेखाओं का लेखा परीक्षित कच्चा विवरण अर्थात् व्यापार और लाभ तथा हानि लेखा व तुलनपत्र भेजा जाये। इनमें से कम से कम दो वर्षों के लेखा विवरण लेखा परीक्षित हों तथा साथ-साथ बाद के छमाही/तिमाही के कच्चे लेखा हों। लेखा परीक्षा पूरी होने के संबंध में प्रमाण-पत्र भी शामिल किया जाये।

(6) यदि किसी संस्था को पिछले चार वर्षों के दौरान किसी एक वर्ष में, जिसमें चालू वर्ष भी शामिल है, हानि हुई हो तो हानि होने के विस्तृत कारण दिये जायें और साथ ही पुनः लाभकारिता प्राप्त करने के लिये उक्त सोसायटी द्वारा उठाये गये विशिष्ट कदमों का भी उक्त टिप्पण में उल्लेख किया जाये।

(7) सोसायटी की उपविधियों की एक प्रति।

(8) सोसायटी की अधिकतम ऋण लेने की सीमा का प्रमाण-पत्र।

(9) परिशिष्ट-III के अनुसार एक विवरण भेजा जाये जिसमें अंतिम सहकारी वर्ष के अंत में स्वामित्वाधीन निधि के प्रयोज्य भाग का उल्लेख किया जाये।

2. जिस तारीख से गारंटी अपेक्षित है, उससे कम से कम तीन माह पूर्व उपर्यक्त आधार पर प्रस्ताव चार प्रतियों में तैयार किया जाये और एक प्रति वित्तदायी बैंक को नकद साख ऋण की मंजुरी के लिये प्रस्तुत की जाये। दूसरी प्रति सहकारी समितियों के राज्य पंजीयक को, भारत सरकार को अपनी सिफारिश भेजने के लिए प्रस्तुत की जाये और एक अन्य प्रति भारत सरकार को अग्रिम प्रति के रूप में भेजी जाये।

3. एक प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से गारंटी शुल्क भुगतान और लेखा अधिकारी नागरिक पूर्ति विभाग के नाम से बनवाये गये दिल्ली में देय डिमाण्ड ड्राफ्ट के जरिये आवेदन के साथ भेजा जाये।

4. आवेदन प्राप्त होने पर, प्रस्ताव पर विचार करने के बाद बैंक के मामले को परिशिष्ट-IV में दिये गये प्रपत्र में भारत सरकार को सिफारिश के साथ भेजेगा। मामले की सिफारिश करते समय इस योजना के पैरा 10 की ओर बैंक का विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया जाता है।

5. दूसरी अग्रिम प्रति प्राप्त होने पर सहकारी समितियों के पंजीयक परिशिष्ट-V पर दिये गये प्रपत्र के अनुसार सूचना देते हुए अपनी सिफारिश के साथ मामला भारत सरकार को भेजेंगे। इस संबंध में उनका ध्यान इस योजना के पैरा 14 की ओर आकर्षित किया जाता है।

6. वित्तदायी बैंक और सहकारी समितियों के पंजीयक की सिफारिशें उस तारीख से कम से कम एक माह पूर्व इस मंत्रालय को भेज दी जानी चाहिये, जिस तारीख से केन्द्रीय सरकार की गारंटी अपेक्षित है।

7. अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

परिशिष्ट–I

केन्द्रीय सरकार प्रत्याभूति योजना के अन्तर्गत वित्तदायी बैंक से कार्यकारी पूंजी ऋण के लिये आवेदन करने वाले सहकारी संस्था द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले ब्यौरे (नवीनतम आंकड़ों पर आधारित)

1. सोसायटी का नाम और पूरा पता :

2. शुरू करने की तारीख सहित पंजीकरण की तारीख :

3(क)	सदस्यों की सं.	अंश पूंजी की राशि (लाख रु. में)
(1) व्यक्ति		
(2) सोसायटी/संस्थान		
(3) सरकार		
(4) कुल :		

(ख) निदेशक मंडल का स्वरूप :

(1) निर्वाचित सदस्य

(2) नामित सदस्य

(3) कुल :

4. उधार लेने की शक्तियां

(क) बैंक से ऋण लेने की शक्तियों और सहकारी समितियों के पंजीयक द्वारा स्वीकृत कुल ऋण सीमा के बारे में सोसायटी के उप नियमों/नियमों की संख्या का उल्लेख करें।

(ख) सोसायटी के प्रबन्धकों द्वारा एक लिखित प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाये जिसमें सोसायटी की ऋण लेने की सीमा का उल्लेख किया गया हो ।

5. केन्द्रीय सरकार प्रत्याभूति योजना के अन्तर्गत बैंक से ऋण और अग्रिम प्राप्त करने और इस संबंध में सोसायटी के तरफ से कागजात पर हस्ताक्षर भी करने के वास्ते सोसायटी के पदाधिकारी को प्राधिकृत करने हेतु एक संकल्प (प्रपत्र परिशिष्ट-II में) निदेशक मंडल/प्रबंध समिति द्वारा पारित किया जाये और उनकी प्रति आवेदन-पत्र के साथ संलग्न की जायें। (व्यक्तियों के नामों का उल्लेख करें)

6. नकद ऋण सीमा का औचित्य जिसके लिये आवेदन किया गया है, उसके साथ निम्नलिखित के संबंध में सूचना भी दी जाये :

क्रम सं.	सोसायटी द्वारा व्यापार की गई वस्तुएं/वस्तु-समूह बारंबारित	अनुमानित वार्षिक बिक्री (लाख रु. में)	रहतिया बारंबारित (वार्षिक बिक्री ÷ $\frac{1}{2}$) (आरंभिक स्टाक + अंतिम स्टाक)
1			
2			
3			
4			
5			

7. वांछित ऋण सुविधा का ब्यौरा :

(क) नकद ऋण सीमा का आधार :

(1) माल की गिरवी :

(2) माल की बंधक :

(ख) अवधि जिसके लिये अग्रिम की मांग की गई है । मांगे गये अग्रिम की अवधि।

8. कुल स्वामित्वाधीन निधि और स्वामित्वाधीन निधि का विनियोज्य अंश

(परिशिष्ट-III पर दिये गये प्रपत्र के अनुसार)

9. शाखाओं की सं.	ग्रामीण क्षेत्रों में	गंदी बस्ती और कमजोर वर्गों वाले क्षेत्रों में	समाज के अन्य वर्ग में
(1) बहुविभागी भण्डार			
(2) केवल उचित दर दुकानें			
(3) अन्य			
(4) कुल			

10. विगत तीन सहकारी वर्षों के दौरान बिक्री : (लाख रु.)

वर्ष	नियंत्रित वस्तुएं	गैर-नियंत्रित वस्तुएं	आवश्यक मदें	कुल
(1)				
(2)				
(3)				

11. पिछले सहकारी वर्ष के अंत में ऋणों का विवरण :

अभिकरण	प्रयोजन	मंजूर की गई राशि	वर्ष के दौरान निकाला गया अधिकतम ऋण	वर्ष के अंत में बकाया ऋण
(1) सरकार				
(क) विशिष्ट परियोजना हेतु				
(ख) कार्यकारी पूंजी हेतु				
(2) वित्तदायी बैंकों से				
(3) अन्य स्रोतों से (कृपया उल्लेख कर)				
(4) कुल				

12. अंतिम दो लेखा परीक्षित तुलन-पत्र और अंतिम सहकारिता वर्ष समाप्त होने तक बाद के वर्षों के प्रोफार्मा तुलन-पत्र लेखा परीक्षित लेखाओं, व्यापार, लाभ और हानि लेखाओं और तुलनपत्रों की एक प्रति संलग्न की जानी है। उस प्राधिकारी का उल्लेख करें जिसने लेखाओं की लेखा परीक्षा की है :

13. पंजीयक द्वारा प्रदत्त लेखा परीक्षा का वर्ग :

14. यदि भंडार इस समय घाटे में चल रहा है तो उसके क्या कारण हैं तथा सोसायटी के संचालन और आर्थिक आत्मनिर्भरता में सुधार लाने के लिये कार्य योजना सहित उठाये गये उपचारात्मक कदमों का ब्यौरा दें एक अलग टिप्पण में उल्लेख करते हुए इस प्रोफार्मा के साथ संलग्न करें :

15. संस्थान द्वारा प्राप्त अब तक उपयोग की गई गारंटी सुविधा/पुनर्वास सहायता का ब्यौरा :

16. वित्तदायी बैंक की ऋणों/किश्तों का भुगतान न कर पाने के कारण, यदि कोई हो :

17. 1 प्रतिशत प्रत्याभूति शुल्क चुकाने वाले डिमाण्ड ड्राफ्ट का ब्यौरा :

सोसायटी के अध्यक्ष/महाप्रबंधक/सचिव के हस्ताक्षर

परिशिष्ट–II

निदेशक मंडल की.....को हुई बैठक की कार्यवाही से उद्धरण ।

कार्यसूची	कार्यवाही
केन्द्रीय सरकार गारंटी योजना के तहत·····बैंक से···· के नकद ऋण/रेहन ऋण प्राप्त करने तथा साथ ही इस बारे में समिति की ओर से व्यक्ति/व्यक्तियों को कागजात पर हस्ताक्षर करने के लिये प्राधिकृत करने के प्रस्ताव पर विचार करना ।	संकल्प किया जाता है कि·····बैंक से वस्तुओं के बंधक/रेहन के प्रति·····से तक की अवधि के लिए केंद्रीय सरकार गारंटी योजना के तहत·····रु. की एक नकद ऋण सीमा के लिये आवेदन किया जाये । यह भी संकल्प किया जाता है कि श्री·····और श्री·····को ऋण व केन्द्रीय सरकार की गारंटी की मंजूरी प्राप्त करने के लिये समिति की ओर से करार करने तथा सभी आवश्यक विलेख व बंध पत्रों पर हस्ताक्षर करने के लिये प्राधिकृत किया जाये ।

परिशिष्ट—III

समिति का नाम

(लाख रु. में)

1. स्वामित्वाधीन निधि

(1) अंश-पूंजी

(2) सांविधिक आरक्षित निधि

(3) अन्य आरक्षित निधि

(4) योग (क)

2. निवेश

(क) (1) अन्य संस्थाओं में अंश

(2) आवधिक अथवा अन्य जमा (आरक्षित निधि, जमा को छोड़कर)

(3) स्थायी परिसम्पत्तियां

(4) व्यापार के बाहर निवेश की गई आरक्षित निधि

योग :

(ख) स्थायी परिसम्पत्तियों हेतु प्राप्त ऋण और राज-सहायता घटाएं :

(ग) स्वामित्वाधीन निधि में से निवेश (क—ख) (ख)

स्वामित्वाधीन निधि का निवल प्रयोज्य (क—ख) पिछले वर्ष के लिये नियत बिक्री का लक्ष्य वर्ष के दौरान की गई बिक्री अगले वर्ष के लिये प्रस्तावित बिक्री लक्ष्य

परिशिष्ट—IV

बैंक की संस्तुति का प्रारूप

सेवा में,

निदेशक (सी. एफ. एम.)
खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय,
नागरिक पूर्ति विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली

विषय :—केन्द्रीय सरकार गारंटी योजना के अन्तर्गत .....संघ/सोसायटी/भंडार को..... रु. के लिये नकद ऋण सीमा की मंजूरी के संबंध में।

महोदय,

हम केन्द्रीय सरकार गारंटी योजना के अन्तर्गत .....सोसायटी से प्राप्त .....रु. की नकद ऋण सीमा को मंजूरी हेतु प्रस्ताव की एक प्रति साथ में भेज रहे हैं। इस बैंक ने .....तक की अवधि के लिये .....सामान्य मार्जिनों पर .....संस्था का नाम .....को .....रु. की नकद ऋण/बंधक ऋण सीमा मंजूर की है। समिति के पक्ष में केन्द्रीय सरकार की गारंटी हमें मिल जाने के बाद 10 % मार्जिन पर बंधक और/अथवा रेहन रखी गई वस्तु पर समिति को नकद ऋण सुविधाओं का लाभ उठाने की अनुमति दे दी जायेगी।

प्रमाणित किया जाता है कि समिति ऋण की किश्तों का नियमित रूप से भुगतान कर रही है तथा समिति के संचालन के विरुद्ध कोई शिकायत नहीं है।

अतः अनुरोध है कि भारत सरकार .....को समाप्त अवधि के लिये (संस्था का नाम) .....को .....रु. की नकद ऋण सीमा के वास्ते केन्द्रीय सरकार की गारंटी मंजूर करने की कृपा करें।

भवदीय,
प्रबंधक/अभिकर्ता

परिशिष्ट—V

सहकारी समितियों को केन्द्रीय सरकार की गारंटी की सिफारिश करते समय सहकारी समितियों के पंजीयक द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले ब्यौरे ।

1. सोसायटी का नाम :

2. गत तीन वर्षों के कार्य के परिणाम :

(लाख रु. में)

वर्ष	बिक्री	निवल लाभ/ निवल हानि

3. लेखा परीक्षा की स्थिति :

(क) अवधि जब तक स्थान के लेखा की लेखा परीक्षा की गई है :

(ख) यदि लेखा-अद्यतन नहीं है, तो संलम्बित पड़े लेखाओं को पूरा करने के लिये उठाए गये/प्रस्तावित कदम :

4. निरीक्षण :

(क) सरकार के अधिकारियों द्वारा सोसायटी के निरीक्षण की तारीख

(ख) भंडार के कार्य में देखी गई खामियां

(ग) खामियों को दूर करने के लिये उठाये गये कदम :

5. नकद ऋण सीमा के लिये राशि और गारंटी की अवधि का उल्लेख करते हुए राज्य सरकार की सिफारिश :

6. कृपया बतायें कि क्या तिमाही प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत की जा रही है।

सहकारी सिमितियों के पंजीयक

नोट : विशिष्ट सिफारिश के अभाव में प्रस्ताव को माना नहीं जा सकेगा।

MINISTRY OF CIVIL SUPPLIES, CONSUMER AFFAIRS AND PUBLIC DISTRIBUTION
(Deptt. of Consumer Affairs & PDS)
NOTIFICATION

New Delhi, the 12th December, 1995.

No. O-17011/6/94-CFS :—The Government of India notified in their notification No. O-17011/5/82-GOP dated 17th June, 1985 and O-17011/2/89-CFS dated 12-11-1990, the continuance of the scheme of Central Government Guarantee as the fifth phase for a period from 1-4-85 to 31-3-90 and 1-4-90 to 31-3-95 to enable the Consumer Cooperatives and other cooperative institutions specified therein, to secure working capital loans from banking agencies on reduced margins during the 8th Plan period.

2. Having considered the increasing need for working capital requirements of the Consumer Cooperatives from banking institutions at reduced margin of 10% it has been decided by the Government of India to operate the scheme of the Central Government Guarantee for a further period of 2 years from 1-4-1995 to 31-3-1997 (coincide with 8th plan period).

3. All the cooperative societies availing of working capital loans from banking institutions under the scheme will have to pay a guarantee fee of 1% per annum.

4. In pursuance of the above decision the Government of India will consider entering into agreements in the from of Deed of Guarantee at Annexure-I, with any Apex/District Central Cooperative Bank, any bank constituted and functioning under banking companies (Acquisition and transfer of Undertakings) Act, 1970/State Bank of India, constituted under the State Bank of India Act 1955, a subsidiary Bank as defined in the State Bank of India (Subsidiary bank Act, 1959) in respect of secured advances made by them to :—

(i) National Cooperative Consumers' Federation.

(ii) All State Federation of Consumer Cooperatives.

(iii) All Wholesale/Central Consumers Cooperative Societies.

(iv) All State Level Cooperative Federations engaged in the business of consumera rticles registered under any nomenclature provided that their coverage under this guarantee scheme will be restricted to their working

capital requirements for distribution of consumer articles alone.

(v) All Cooperative institutions engaged in retail business in the distribution of consumer articles registered with what so ever nomenclature and having sales turnover of atleast Rs. 20 lakhs and in case of such institutions in the cooperatively under developed States (Assam, Bihar, Meghalaya, Orissa, Rajasthan, West Bengal, Manipur, Tripura, and Nagaland) having the minimum annual sales turnover of Rs. 10 lakhs.

(vi) The scheme would be extended to new cooperative societies for first five years and to the existing societies for diversification programme/new activities.

